वियतनाम बुद्धिस्ट यूनिवर्सिटी के स्थायी रेक्टर ने किया गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का दौरा

ग्रेटर नोएडा, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में वियतनाम बुद्धिस्ट यूनिवर्सिटी के स्थायी रेक्टर प्रो. थिच नहत तु का दौरा हुआ। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविन्द्र कुमार सिन्हा और रजिस्ट्रार डॉ. विश्वास त्रिपाठी से मुलाकात की। इसके बाद प्रो. तु ने विश्वविद्यालय के बौद्ध अध्ययन और सभ्यता संकाय के शिक्षकों से संवाद किया। इस बैठक में लगभग 60 वियतनामी भिक्षु और भिक्षुणियां भी उपस्थित थीं, जो बौद्ध अध्ययन में बीए, एमए और पीएचडी की पढ़ाई कर रहे हैं।

बैठक के मुख्य बिंदु में वेनरेबल थिच नहत तु ने विश्वविद्यालय को भविष्य में एक 3 मीटर ऊंची बुद्ध प्रतिमा अर्पित करने का प्रस्ताव दिया। इस अवसर पर

उन्होंने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय और वियतनाम बौद्ध विश्वविद्यालय तथा वियतनाम बौद्ध अध्ययन संस्थान के बीच अकादमिक सहयोग पर भी चर्चा की। यह दोनों संस्थानों के मुख्यकर्ताधर्ता प्रो थिच नहत तु हैं और उन्हीं के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। प्रो सिन्हा और डॉ. त्रिपाठी ने प्रो श्वेता आनंद, डीन, और बौद्ध अध्ययन स्कूल के संकाय सदस्यों के साथ वेनरेबल थिच नहत तु और उनके समूह का स्वागत किया।

इस अवसर पर वेनरेबल थिच नहत तु ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) प हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव भी रखा, जि सहस्त्र स्वीकार करते हुए कुलपति प्र सिंह ने करवाई करने के लिए विभाग ऑफदिशा निर्देश दिए। बैठक के बाद, प्रो थिच नहत तु ने विश्वविद्यालय में स्थित डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा, बुद्ध की प्रतिमा और ध्यान केंद्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां पूजा अर्चना की और वॉकिंग मेडिटेशन भी किया। इसके अलावा, प्रो तु ने आगामी वर्ष 2025 में वियतनाम में आयोजित होने वाले श्यूनाइटेड नेशंस डे ऑफ वेसाक सम्मेलन के लिए कुलपति और रजिस्ट्रार को निमंत्रण दिया।

जीबीयू को बुद्ध प्रतिमा अर्पित करने का दिया प्रस्ताव

गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय पहुंचे वियतनाम बुद्धिष्ठ विश्वविद्यालय के स्थायी रेक्टर प्रो. थिच न्हत तु। साथ में अन्य ● सौ. विवि. प्रशासन

जासं, ग्रेटर नोएडा: गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में सोमवार को वियतनाम बुद्धिस्ट विश्वविद्यालय के स्थायी रेक्टर प्रो. थिच न्हत तु ने दौरा किया। उन्होंने कुलपति प्रो. रविंद्र कुमार सिन्हा और रजिस्ट्रार डा. विश्वास त्रिपाठी से मुलाकात की। प्रो तु ने बौद्ध अध्ययन और सभ्यता संकाय के शिक्षकों से संवाद किया। यहां लगभग 60 वियतनामी भिक्षु और भिक्षुणियां भी उपस्थित रहीं। न्हत तु ने विश्वविद्यालय को भविष्य में तीन मीटर ऊंची बुद्ध प्रतिमा अर्पित करने का प्रस्ताव दिया। वेनरेबल थिच न्हत तु ने जीबीयू के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव भी रखा। जिसे कुलपति प्रो. सिंह ने स्वीकार कर करवाई करने के लिए विभाग को निर्देश दिये। प्रो तु ने वर्ष 2025 में वियतनाम में होने वाले 'यूनाइटेड नेशंस डे आफ वेसाक' सम्मेलन के लिए कुलपति और रजिस्ट्रार को निमंत्रण दिया। मौके पर विभागाध्यक्ष डा. चिंतल वेंकट सिवासई, डा. प्रियदर्सिनी मित्रा, डा. चंद्रशेखर पासवान मौजूद थे।